बिहार सरकार

# बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

## कनीय अभियंता की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन सं0—01/2019 में अद्यतन स्थिति।

दिनांक 24.08.2021 को कनीय अभियंता के अभ्यार्थियों के द्वारा आयोग कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए कनीय अभियंता की नियुक्ति का परिणाम शीघ्र प्रकाशित करने का अनुरोध किया गया। इस संदर्भ में वस्तुस्थिति यह है कि विज्ञापन सं0—01/2019 जो कनीय अभियंता की नियुक्ति से संबंधित है, में माननीय उच्च न्यायालय में 70 वाद लंबित हैं। CWJC NO. 3196/2021 सुनील कुमार सिंह बनाम राज्य सरकार में दिनांक—01.07.2021 को पारित आदेश में "Status quo as existing today" का आदेश पारित है। उसके पश्चात् Order Reserved है। आयोग के अधिवक्ता द्वारा दिनांक—24.08.2021 को CWJC NO. 9817/2020 में हुई सुनवाई में Order Reserved करते हुए Result प्रकाशन पर रोक रखने का निदेश माननीय न्यायालय द्वारा दिए जाने की सूचना दी गई है।

दिनांक—03.08.2021 को सामान्य प्रशासन विभाग एवं बिहार तकनीकी सेवा आयोग की बैठक में लिए निर्णय के आलोक में अन्य विषयों के अतिरिक्त कनीय अभियंता के लिए प्रकाशित विज्ञापन में समकक्ष योग्यता वाली डिग्रीधारी आवेदकों के संबंध में विधिक परामर्श प्राप्त किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त विज्ञापन सं0—01/2019 में बड़ी संख्या में प्राप्त परिवाद पत्रों में आवेदनों के साथ संलगन शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को गलत एवं फर्जी होने के संबंध में निर्णय लिया गया कि आयोग द्वारा प्राप्त सभी परिवाद पत्रों की जाँच संबंधित प्रमाण पत्र निर्गत करने वाली शैक्षणिक संस्थाओं से करायी जाय। आयोग की बैठक दिनांक--06.08.2021 में औपबंधिक मेधासूची में से कोटिवार अधियाचित पदों के 1.5 गुणा पदों हेतु राज्य के बाहर के सभी संस्थानों/विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों के अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों (डिग्रियाँ) इत्यादि का सत्यापन का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त बिहार राज्य से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों के स्पष्ट जाँच प्रतिवेदन बिहार राज्य तकनीकी शिक्षा से प्राप्त होने पर समेकित मेधासूची (जिसमें राज्य के बाहर के अभ्यर्थी सम्मलित होंगे) तैयार किया जायगा।

उपरोक्त के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रोक हटाये जाने एवं परिवाद तथा प्रमाण पत्रों के जाँचोपरान्त मेधासूची तैयार कर विभागों को अनुशंसा भेजी जाएगी।

25.8.2021

प्रभारी सचिव

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।